# उष्ट्र पर्यटन जब ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ेगा तो ऊंट पालकों को लाभ पहुंचायेगा : साहू




राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र बीकानेर के निदेशक डॉ. आर्तबन्धु साहू ने ऊंट की ऊन से निर्मित विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

- ऊंट पालक ऊंट के बालों को अनुपयोगी न समझें। सीधे तौर पर इन्हें प्रयुक्त न करें बल्कि इनके गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार कर अतिरिक्त लाभ कमाएं
- ऊंट की ऊन से निर्मित विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई

**बीकानेर,**(कासं)। राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र बीकानेर (एन.आर.सी.सी.) द्वारा स्वच्छ भारत पखवाड़ा 16 से 31 दिसम्बर संबंधी गतिविधियों को उजागर करने के उद्देश्य से आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस दौरान ऊंट की ऊन से निर्मित विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

प्रेस वार्ता के दौरान केन्द्र निदेशक डॉ. आर्तबन्धु साहू ने कहा कि स्वच्छता का हम सभी के जीवन में विशेष महत्व है तथा परिवेश की शुद्धता से एक स्वस्थ वातावरण का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई संबंधी निर्धारित गतिविधियां तथा ऊंटों में स्वच्छता प्रबंधन आदि को पूरी गंभीरता से निष्पादित किया जाता है। इसके पीछे मूल कारण भारत सरकार के निर्देशों के साथ-साथ इस संस्थान का पर्यटन स्थल के रूप में विश्व विख्यात होना भी है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि इस उष्ट्र संस्थान को देखने वालों की तादाद दिनों दिन बढ़ रही है जो कि इस पशु के इको-टूरिज्म में महत्व को भी स्पष्टत: उजागर करता है।

डॉ. साहू ने केन्द्र द्वारा ऊंट की ऊन से निर्मित विभिन्न उत्पादों, ऊंट के बालों के महत्व एवं इसकी विशेषताओं पर खास प्रकाश डालते हुए कहा कि ऊंट पालक, इसके बालों को अनुपयोगी न समझें। सीधे तौर पर इन्हें प्रयुक्त न करें बल्कि इनके गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार कर अतिरिक्त लाभ कमाएं। डॉ. साहू ने ऊंट का पर्यावरणीय महत्व बताते हुए कहा कि ऊंट अपनी विशालकाय देह के कारण आमजन के लिए कौतूहल का विषय है। अत: इस आधार पर उष्ट्र-पर्यटन जब ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ेगा तो यह सीधे तौर पर ऊंट पालकों को लाभ पहुंचायेगा। इसके दूध में विद्यमान औषधीय गुणधर्म एवं दुग्ध व्यवसाय में संभावनाएं, इसके बाल, चमड़ी, हड्डी आदि से पनप रहे कुटीर उद्योग आदि की दृष्टि से इसकी बहुआयामी उपयोगिता इस प्रजाति की प्रासंगिकता को सिद्ध करते हैं।

इस दौरान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में ऊंटों की बढ़ती व भारत में घटती संख्या, परम्परागत उपयोगिता में आ रही कमी, सीमित होते चरागाह, इसके रखरखाव, राजकीय पशु हेतु कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने एवं उष्ट्र व्यापार में बढ़ोतरी लाने हेतु दूसरे राज्यों में इस पशु को ले जाने की नीति में बदलाव-शिथिलता बरतने आदि विभिन्न मुद्दों पर भी बातचीत हुई।

इस अवसर पर केन्द्र के नोडल अधिकारी (स्वच्छता) डॉ. आर. के. सावल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अखिल ठुकराल, प्रशासनिक अधिकारी ने केन्द्र में पखवाड़े में आयोजित स्वच्छता गतिविधियों को प्रस्तुत करते हुए बताया कि अभियान तहत विविध स्थलों की साफ-सफाई, प्रतियोगिता, अपशिष्ट प्रबंधन आदि विभिन्न गतिविधियां संचालित की गई। इस अवसर पर एन.आर.सी.सी. द्वारा ऊंट की ऊन से निर्मित विभिन्न उत्पादों यथा-कम्बल, दरी, कोटी, जैकेट, कम्पोजिट, उष्ट्र बालों से प्राप्त केराटिन पाउडर, गुलदस्ता, उष्ट्र ऊन व इनके निर्मित धागे आदि उत्पादों के महत्व को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रदर्शनी भी लगाई गई।

## फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**अनूपगढ़,** (कासं)। मंडी घड़साना के गांव रोजड़ी में 26 दिसम्बर को गोली मारकर एक दुकानदार को घायल करने के मामले में घड़साना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी सोनू उर्फ रजनीश रोजड़ी के दुकानदार सुरेन्द्र जैन को गोली मारकर मौके से फरार हो गया था। पुलिस उप अधीक्षक जयदेव सियाग के नेतृत्व में टीमों का गठन कर कई जगह पर दबिश दी गई। आरोपी सोनू उर्फ रजनीश को घड़साना थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। घायल सुरेन्द्र जैन का बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल में इलाज जारी है। थानाधिकारी जितेन्द्र स्वामी ने बताया कि 26 दिसम्बर को देर शाम सुरेन्द्र जैन के द्वारा दुकान बंद नहीं किए जाने पर आरोपी सोनू उर्फ रजनीश ने गोली मारकर सुरेन्द्र जैन को घायल कर मौके से फरार हो गया था।

पुलिस उपाधीक्षक जयदेव सियाग के नेतृत्व में टीमों का गठन कर कई स्थानों पर दबिश दी गई। आरोपी सोनू उर्फ रजनीश पुत्र घीसाराम निवासी 10 आरजेडी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गांव रोजड़ी में 26 दिसम्बर को एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। उसका अंतिम संस्कार करने वाला उसके परिवार में कोई भी नहीं था। इसलिए सभी ग्रामीणों से शोक स्वरूप बाजार बंद करने व अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए कहा गया था मगर सुरेन्द्र ने दुकान बंद नहीं की थी। इसलिए उस पर फायर कर दिया।

## सार-समाचार

### लैंगिक समानता पर कार्यशाला




**बीकानेर,**(कासं)। कृषि महाविद्यालय बीकानेर के सभागार में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा लैंगिक मानदंडों व लैंगिक समानता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रारम्भ में महाविद्यालय एनएसएस इकाई प्रभारी डॉ. राजीव कुमार नारोलिया ने सभी का परिचय दिया। कार्यशाला आयोजन 'बजट अध्ययन एवं अनुसंधान केन्द्र ट्रस्ट, जयपुर' के तत्वावधान में किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य बीकानेर जिले में लैंगिक मानदंडों व लैंगिक समानता पर किए गए सर्वे के परिणामों पर चर्चा व भविष्य की कार्य योजना तैयार करना है। ट्रस्ट के निसार अहमद ने सर्वे के परिणामों व परिणाम स्वरूप समाज में लैंगिक समानता के लिए किए जाने वाले प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की। ट्रस्ट की प्रतिनिधि शबनम अजीज ने विशेषकर बाल संरक्षण कानून पर विस्तृत व्याख्यान दिया तथा बाल संरक्षण संबन्धित वर्तमान कानूनों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में डॉ. राजीव कुमार नारोलिया ने सरकार द्वारा प्रदत महिलाओं एवं बच्चों के लिए चलाई गई योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला के अंतिम सत्र में सभी सहभागियों द्वारा समाज में विधमान लैंगिक भेदभाव व रूढ़िवादी परम्पराओं तथा इसको समाज से दूर करने के उपायों व प्रयासों पर युवाओं की भूमिका विषय पर खुली चर्चा की गई। इस कार्यशाला में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के 40 स्वयंसेवकों ने भागीदारी की।

### प्रिया का अभिनंदन 2 को

**बीकानेर,**(कासं)। अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतने वाली वाली बीकानेर की लाडली प्रिया सिंह मेघवाल का नागरिक अभिनंदन समारोह सोमवार को आयोजित किया जायेगा। सम्मान समारोह के संयोजक डॉ. रामलाल परिहार ने बताया कि बहुत कठिन और विपरीत परिस्थितियों में भी मेघवाल समाज की एक महिला ने भारत का अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मैडल प्राप्त किया है। यह न केवल मेघवाल समाज के लिए बल्कि संपूर्ण बीकानेर और देश के लिए गौरव की बात है और दलित वंचित और कमजोर परिवारों से जब कोई इतनी बड़ी उपलब्धियों तक पहुंचता है तो यह निश्चित रूप से भारत के विकास को चरितार्थ करता है। संपूर्ण वर्गों के विकास में ही देश का विकास निहित है। परिहार ने बताया कि प्रिया सिंह मेघवाल का नागरिक अभिनंदन सोमवार 2 जनवरी को सुबह 11:15 बजे हंसा गेस्ट हाउस गंगाशहर रखा गया है। आयोजन समिति के सदस्य सुमित शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में बीकानेर के संभाग के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, कर विभाग के अधिकारी, शिक्षा और खेल जगत से जुड़े हुए अधिकारी और समाज सेवक अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम सहयोगी साहित्यकार राजेन्द्र जोशी ने बताया कि प्रिया सिंह का सम्मान युवा वर्ग के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा। कार्यक्रम के संरक्षक पूर्व पार्षद हजारी देवड़ा ने बताया कि सक्सेस टॉल्क, खबर अपडेट, खादी ग्रामोद्योग विकास समिति गंगाशहर, गंगाराम मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट कोलासर, मेघवाल समाज सेवा संस्थान करणी नगर, मुक्ति संस्था, एकलव्य तीरंदाजी एकेडमी, ग्रामोदय विकास संस्थान भीनासर, तथागत फाउंडेशन एवं निरोगधाम औषध भंडार गंगाशहर के संयुक्त तत्वावधान में यह नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया जा रहा है।

### बीकानेर ने 16 मैडल जीते




**बीकानेर,**(कासं)। मोटी दमन स्थित वात्सल्य स्कूल मगरवाड़ा में दो दिवसीय चौथी वेस्ट जोन पेनचाक सिलाट चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। आयोजन सचिव एलेक्जेंडर फिलिया थॉमस ने बताया कि चैम्पियनशिप में राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गोवा राज्य व केन्द्र शासित दमन दीव दादरा नगर हवेली सहित कुल सात स्टेट यूनिट के 250 से अधिक सिलाट खिलाड़ियों ने भाग लिया। जोनल चैम्पियनशिप में सिंगा, मेकन, प्री-टीन, सब-जूनियर, जूनियर तथा सीनियर वर्ग के मेल फिमेल खिलाड़ियों ने टेंडिग, टंगल, गांडा, रेगु एंड सोलो इवेंट्स में अपने कौशल का प्रदर्शन कर मैडल प्राप्त किये। जिसमें ओवर ओल फर्स्ट ट्रॉफी महाराष्ट्र स्टेट, सैकंड ट्रॉफी राजस्थान तथा थर्ड ट्रॉफी दमन दीव ने जीती। डिस्ट्रिक्ट पेनचाक सिलाट एसोसिएशन बीकानेर के जाइंट सैक्रेटरी धनंजय सारस्वत ने बताया कि वेस्ट जोन पेनचाक सिलाट चैम्पियनशिप में बीकानेर जिले से 12 सदस्यीय दल ने भाग लिया। सभी खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु व भार वर्ग में 03 गोल्ड, 07 सिल्वर तथा 06 ब्रोंज मैडल सहित 16 मैडल जीतकर बीकानेर जिले का नाम रोशन किया है। जिसके लिए पेनचाक सिलाट राजस्थान स्टेट ट्रेजरार देवेन्द्र सारस्वत, डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट पुरुषोत्तम ओझा, विप्र फाउंडेशन प्रदेशाध्यक्ष भंवर पुरोहित, डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक एसोसिएशन प्रेसीडेंट सीए सुधीश शर्मा, भाजपा खेल सह संयोजिका शोभा सारस्वत ने प्रसन्नता जताई। इंडियन पेनचाक सिलाट फैडरेशन के नेशनल प्रेसीडेंट किशोर प्रकाश येवले, दमन दीव एलेक्जेंडर थॉमस, पेनचाक सिलाट राजस्थान स्टेट चेयरमैन दिनेश बांगड़, प्रेसीडेंट महेश कायथ, जनरल सैक्रेटरी पूरनमल जाट तथा वैदिक मार्शल आर्ट एकेडमी कोच एंड ट्रेनर का आभार व्यक्त किया।

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी में फायदेमंद रही डिजिटल पढ़ाई

- छह सौ स्कूलों ने 27 कार्य दिवसों में 42 हजार घंटे डिजिटल माध्यम से पढ़ाई कराई

**बीकानेर,**(कासं)। अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के दौर में जिले के 600 सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों बच्चों के लिए जिला प्रशासन का डिजिटल इनीशिएटिव फॉर क्वालिटी एजुकेशन कार्यक्रम (डिआईक्यूई) बेहद फायदेमंद साबित हुआ है।

नवम्बर के 20 कार्य दिवसों में इन शिक्षण संस्थाओं में स्मार्ट टीवी से 29 हजार 600 घंटे अध्ययन करवाया गया। वहीं दिसम्बर में अर्द्धवार्षिक परीक्षा से पूर्व के सात कार्य दिवसों में इन संस्थाओं में 12 हजार 700 घंटे से अधिक समय तक डिजिटल माध्यम से पढ़ाई करवाई। कुल मिलाकर इन 600 स्कूलों ने अब तक 42 हजार 300 घंटों से अधिक समय तक डिजिटल तकनीक से पढ़ाई करवाकर विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा है। मतलब प्रत्येक स्कूल ने इन 27 दिनों में औसतन 70 घंटे डिजिटल माध्यम से अध्ययन करवाया है।

राज्य सरकार के स्टेट इनीशिएशन फॉर क्वालिटी एजुकेशन की तर्ज पर जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल द्वारा योजनागत तरीके से पूरे अभियान को धरातल पर उतारा गया।

सर्वप्रथम जिला कलेक्टर द्वारा आंकलन करवाया गया कि जिले के कितने स्कूल ऐसे हैं, जहां एक ही शिक्षक नियुक्त हैं अथवा स्वीकृत पदों की तुलना में कम अध्यापक नियुक्त हैं, जिससे बच्चों का अध्ययन प्रभावित हो रहा है। रिपोर्ट के आधार पर 600 स्कूल चयनित किए गए।

इन संस्थाओं में अध्ययन के वैकल्पिक तरीकों पर मंथन किया गया और दूसरे चरण में जिला कलेक्टर द्वारा जिले के भामाशाहों और दानदाताओं से इन शिक्षण संस्थाओं में स्मार्ट टीवी के माध्यम से अध्यापन कार्य नियमित बनाए रखने संबंधी चर्चा की। दानदाताओं ने इसमें रूचि दिखाई और लगभग सवा करोड़ रूपये से अधिक राशि के स्मार्ट टीवी उपलब्ध करवाये गए।

जिला स्तर पर 5 अक्टूबर को वृहद कार्यक्रम आयोजित हुआ और प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला के साथ भामशाहों की मौजूदगी में इन सभी संस्थाओं के प्राचार्यों को ये टीवी वितरित किए गए। साथ ही एक सप्ताह में इन्हें इनस्टॉल करते हुए इनके माध्यम से अध्ययन प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए। इन सभी स्कूलों के एक कक्ष को स्मार्ट कक्ष बनाने के लिए भी निर्देश दिए गए, जिससे इसी कक्षा में बैठकर बच्चे पढ़ सकें। प्रत्येक स्कूल को कोर्स के अनुरूप डिजिटल कंटेंट उपलब्ध करवाए गए। जिले के ऐसे समस्त प्राथमिक स्कूलों में उच्च क्षमता के हार्ड डिस्क में यह कंटेंट दिए गए। प्रत्येक स्कूल में इन स्मार्ट टीवी के माध्यम से होने वाले शिक्षण कार्य की मासिक रिपोर्ट भी संकलित की गई।

## प्रयोगशाला सहायकों की नियुक्ति की मांग

**अनूपगढ़,**(कासं)। पंचायत समिति सदस्य और युवा कांग्रेस नेत्री रामदेव बावरी ने चिकित्सा मंत्री प्रसादी लाल मीना से मुलाकात की। यह मुलाकात मंत्री के आवास पर हुई। मुलाकात के दौरान रामदेव बावरी ने मांग पत्र सौंपते हुए प्रयोगशाला सहायकों की नियुक्ति की मांग उठाई।

पत्र में रामदेव बावरी ने बताया कि 2018 में प्रयोगशाला सहायक भर्ती परीक्षा हुई थी। जिसकी एक सूची जारी हो चुकी है। लेकिन अभी करीब 600 से 650 अभ्यर्थियों को नियुक्ति नहीं मिली है। बावरी ने मंत्री को बताया कि प्रयोगशाला सहायक कोरोना के दौरान पूरी सेवाएं दे चुके हैं। ऐसे में अभी कोरोना के मद्देनजर यदि प्रयोगशाला सहायकों को नियुक्ति दी जाती है तो राज्य में कोरोना नियंत्रण में मदद मिलेगी। जिस पर चिकित्सा मंत्री ने कहा कि सरकार पूरी तरह से गंभीर है। वंचित अभ्यर्थियों की जल्द नियुक्ति की जायेगी। रामदेव बावरी ने कहा कि चिरंजीवी योजना से लाखों लोगों को फायदा मिल रहा है।

# तिलकुट की सौंधी महक से बाजार गुलजार

- नोखा के मुख्य बाजार में कई दुकानें तिलकुट की सज गई है
- 220 से 280 रूपये किलो तक भाव हैं

**नोखा,** (निसं)। तिलकुट निर्माण का कार्य जोरों पर प्रारम्भ हो चुका है। नोखा शहर में तिलकुट की दुकानें भी सज गई हैं। दुकानों पर ग्राहकों का आने जाने का सिलसिला शुरू हो चुका हैं। तिलकुट की सोंधी सौंधी महक बाजार में सबको लुभा रही है।

आगामी 14 जनवरी एवं 15 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व मनाया जायेगा। इस बार मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाये जाने की संभावना है। इसको लेकर तिलकुट बनाने के लिय कई दुकानों पर कारीगर आ गए हैं। सुबह से देर रात तक तिलकुट का निर्माण का कार्य किया जा रहा हैं। मकर संक्रांति के तिल खाने की परम्परा हैं जो की धर्म से जोड़ कर देखा गया हैं। जबकि दूसरी ओर जाड़ा के मौसम में तीन खाना स्वास्थ्य के लिया लाभदायक माना जाता हैं। नोखा मुख्य बाजार में कई दुकान तिलकुट की सज गई हैं। मुख्य बाजार से लेकर बस स्टैंड तक कहीं-कहीं दुकानदारों द्वारा तिलकुट को सजाया गया हैं। ग्रामीण इलाका से ग्राहकों का प्रतिदिन खरीदारी के लिया भीड़ देखी जा रही हैं।

तिलकुट के व्यवसाई प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि इस बार तिलकुट का बाजार अच्छा रहने कि संभावना दिखाई पड़ रही हैं। ग्राहकों का डिमांड देखा जा रहा हैं। पिछले साल के अपेक्षा इस साल मामूली तिलकुट के दामों में वृद्धि हुई हैं। नोखा मुख्य में सजी तिलकुट के दुकानों में भीड़ देखी जा रही हैं। हालांकि फिर भी ग्राहकों द्वारा खरीदारी की जा रही हैं। महंगाई के कारण कुछ वृद्धि की गई हैं। जिसमे खस्ता तिलकुट 220 के प्रतिकिलो, खोवा निर्मित तिलकुट 280 के प्रतिकिलो, गुड़ के तिलकुट 240 प्रति किलो बिक रहा हैं।

# पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग

- आप कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। आप कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर एडीएम को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर पेपर लीक मामले की सीबीआई से जांच की मांग की।

प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक प्रकरणों की सीबीआई जांच करवाने की मांग मुखर होने लगी है। हाल ही वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा में जीके का पेपर लीक होने के बाद यह मांग और तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रतिभा देवठिया को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के जरिए राज्य सरकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक प्रकरण की जांच सीबीआई से करवाने की मांग की गई। आम आदमी पार्टी के राजवीर माली ने कहा कि राजस्थान सरकार में बीते चार वर्षों में सरकारी भर्ती प्रतियोगिता परीक्षाओं के पेपर लीक होने से बेरोजगार युवाओं पर दोहरी मार पड़ रही है। एक बेरोजगार युवा सरकारी भर्ती के इंतजार के बाद हजारों रूपये खर्च कर तैयारी करता है।

वह परीक्षा वाले दिन या अगले दिन पेपर लीक की खबर से भयानक रूप से आहत हो जाता है। इन सबके बीच वह कहीं न कहीं सुसाइड या अन्य कोई गलत मार्ग का चयन कर लेता है। उन्होंने पेपर लीक प्रकरण की सीबीआई से जांच कराने की मांग की।

## केमिस्ट एसोसिएशन का स्नेह मिलन 5 को

**बीकानेर,**(कासं)। बीकानेर डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट एसोसिएशन का स्नेह मिलन समारोह के साथ पौषबड़ा कार्यक्रम 5 जनवरी को मानक गेस्ट हाउस, नोखा रोड गंगाशहर में होगा।

आज नोखा केमिस्ट एसोसिएशन और देशनोक केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ नोखा ओर देशनोक में मीटिंग कर नोखा और देशनोक के केमिस्ट साथियों को निमंत्रण दिया गया। नोखा केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र पुरोहित सचिव ओम राठी, किशन ओझा, महावीर छिम्पा, फुसराज बाहेती, पुरषोत्तम तापड़िया, घनश्याम छिम्पा, किशोर दम्मानी, शिव दम्मानी, महेन्द्र मालू, चंद्रकांत ओझा आदि केमिस्ट उपस्थित थे। केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में देशनोक में मीटिंग हुई।

# बीकानेर ईस्ट रेलवे स्टेशन पर दिल्ली से आने वाली रेल रूकी

- बीती रात रानी बाजार अंडरब्रिज का काम शुरू हुआ तो ट्रेनें यहां रूकी

**बीकानेर,**(कासं)। रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर स्थित बीकानेर ईस्ट रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को पहली बार चहल-पहल दिखाई दी। बीती रात रानी बाजार अंडरब्रिज का काम शुरू हुआ तो दिल्ली से आने वाली रेल यहीं रूकी।

अब तक सूनसान पड़े इस स्टेशन पर बकायदा अनाउंसमेंट हुआ। कुली नजर आए। यात्रियों को यहां से बीकानेर जंक्शन ले जाने के लिए टैक्सी कम और बसें ज्यादा नजर आई। दरअसल रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए यहां बसों की खास व्यवस्था की थी। रेल अंडरब्रिज के निर्माण हेतु ट्रैफिक ब्लॉक के कारण शुक्रवार को यहां रेल यातायात बाधित रहा। ऐसे में बीकानेर ईस्ट रेलवे स्टेशन पर दिल्ली से आने वाली रेल रूकी। इसके अलावा हरिद्वार से आने वाले वाड़ी रेल भी यहीं रूक रही है। ईस्ट स्टेशन से बीकानेर रेलवे स्टेशन तक जाने के लिए नि:शुल्क बसों की व्यवस्था की गई। गाड़ी संख्या 12457 दिल्ली सराय बीकानेर एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 14718 हरिद्वार बीकानेर एक्सप्रेस रेल सेवा इस मार्ग पर बाधित है। सुबह 5:30 बजे ही बीकानेर मंडल की तरफ से बीकानेर ईस्ट स्टेशन पर नि:शुल्क बसों की व्यवस्था कर दी गई थी।

इस अवसर पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक जितेन्द्र शर्मा के निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल का स्टाफ, रेलवे टिकट चैकिंग स्टाफ, रेलवे कर्मचारी एवं कुली आने वाले रेल यात्रियों की सहायता के लिए पहुंच गए थे। पहली गाड़ी संख्या 12457 दिल्ली सराय बीकानेर एक्सप्रेस प्रात: 5:55 पर बीकानेर ईस्ट स्टेशन पर पहुंची।

गाड़ी के आने पर बीकानेर ईस्ट रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए गाड़ी के वहीं समाप्त होने की एनाउंसमेंट किया गया। यात्रियों की सहायता के लिए कुलियों की भी व्यवस्था की गई है। रेलवे कर्मचारियों द्वारा एवं रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा यात्रियों को बसों पर लगाए गए नंबरों के अनुसार कतार में यात्रियों को बसों में बैठाया गया। बसों के पीछे डिक्की में रेलयात्रियों का सामान रखवाया जा रहा था। एक-एक करके प्रत्येक बस में रेलयात्रियों के सवार होने पर बसें रवाना की गई।

# कलेक्टर ने खाजूवाला में किया विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण



बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ( गले में मफलर ) ने खाजूवाला में सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया।

- कलेक्टर ने पुलिस थाना सहित एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण किया

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने शुक्रवार को खाजूवाला के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया और आमजन के हितों से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने पुलिस थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने मालखाना, महिला डेस्क, अनुसंधान कक्ष और बंदी गृह का अवलोकन किया। स्वागत कक्ष की व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। इस दौरान वृत्ताधिकारी (पुलिस) विनोद कुमार और थानाधिकारी अरविंद शेखावत मौजूद थे। जिला कलेक्टर ने पंचायत समिति के अवलोकन के दौरान मनरेगा शाखा, कंप्यूटर कक्ष, निर्माण एवं लेखा सहित विभिन्न शाखाओं की लंबित पत्रावलियों की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण विभाग है। इस कार्यालय से जुड़े कार्मिक पूर्ण जिम्मेदारी से कार्य करें। इस दौरान सरपंच एसोसिएशन के खलील खां पड़िहार ने मनरेगा और बीएडीपी के कार्यों के भुगतान सहित विभिन्न बिन्दुओं पर आधारित ज्ञापन सौंपा। निरीक्षण के दौरान यहां गत वर्ष की पाठ्यपुस्तकें पड़ी मिली। इनका वितरण नहीं किए जाने को जिला कलेक्टर ने गंभीरता से लिए। उन्होंने उपखंड अधिकारी और तहसीलदार कार्यालय का निरीक्षण भी किया। यहां की रिकॉर्ड शाखा, निर्वाचन शाखा और रीडर कक्ष आदि का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि कार्यालय की सभी पत्रावलियां व्यवस्थित रहें। इनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यहां ई-मित्र प्लस मशीन को क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी श्योराम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहम्मद अबरार पंवार, तहसीलदार डॉ. गिरधारी सिंह, विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया सहित अधिकारी मौजूद रहे।

## घायल की इलाज के दौरान मौत

**नोखा,** (निसं)। कांकर रोड पर घायल अवस्था में मिले युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। बेटे ने व्यक्तियों द्वारा अपने पिता की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया।

सोमलसर के भागीरथ ने नोखा थाने में मुकदमा दर्ज करवाया कि 22 दिसंबर को सुबह करीब 10 बजे उसके पिता संतोष कुमार अपनी मोटरसाइकिल पर बैठकर घर से गए थे। भागीरथ ने बताया कि उनके पास उनका मोबाइल व 50 हजार रुपए थे। उस दिन शाम को उनसे फोन पर बात हुई थी, लेकिन वो घर नहीं आए।

23 दिसंबर को सुबह 6 बजे ओमप्रकाश पारीक ने उसे घर आकर बताया कि उसके पिता संतोष कुमार सोमलसर से घट्टू जाने वाली कांकर रोड पर करीब 1 किमी दूरी पर घायल अवस्था में पड़े है। जिसकी सूचना पर भागीरथ मौके पर पहुंचा तो सन्तोष कुमार घायल अवस्था में पड़े थे। जहां से संतोष को नोखा अस्पताल लेकर गए। उनकी जेब से 50 हजार रूपए व मोबाइल फोन गायब था।

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

क्रमांक :- LU2012/SGN/2022-23/100541 **लोक सूचना** दिनांक : 30.12.2022

आनन्दम हाईटस डवलपर्स प्रा. लि. जरिये निदेशक श्री हेमंत सिंघल पुत्र श्री श्याम लाल सिंघल निवासी आरडी-08 रिद्धि सिद्धि एन्कलेव-प्रथम, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण चक 4 एमएल मुरब्बा नं. 47 के | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चक 4 एमएल तहसील व जिला श्रीगंगानगर | आनन्दम हाईटस डवलपर्स प्रा. लि. जरिये निदेशक श्री हेमंत सिंघल पुत्र श्री श्याम लाल सिंघल | किला नं. 1,2 व 3 प्रत्येक में 0.253 है. किला नं. 4/3 में 0.127 है. किला नं. 7/2 की 0.127 है. में से 0.054 है. किला नं. 8 की 0.253 है. में से 0.107 है. किला नं. 9 की 0.253 है. में से 0.107 है. किला नं. 10 की 0.253 है. में से 0.107 है., यथाकुल 1.261 हैक्टे. | कुल 1.261 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 30.12.2022 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय नगरपालिका मंडल सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर(राज.)** आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्रमांक/भूमि/भूउप/2022-23/4658-60 दिनांक:28.12.2022

**आपत्ति सूचना**

हर आम व खास एवं हितबद्ध रखने वाले हर शख्स को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सूरतगढ़ एज्यूकेशनल एण्ड सोशल वेलफयर ट्रस्ट सूरतगढ़ जरिये अध्यक्ष श्री प्रवीण अरोड़ा पुत्र श्री वली राम जाति अरोड़ा निवासी एन.एच.62सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर ने आवेदन पत्र प्रस्तुत कर कस्बा सूरतगढ़ के खसरा नं.318/2 व 318/3 की 0.421 हैक्टेयर यानि 4210 वर्गमीटर का कृषि भूमि से अकृषि प्रयोजनार्थ (संस्थानिक) रूपान्तरण हेतू 90 ए के तहत भू-उपयोग परिवर्तन करने हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।मास्टर प्लान में उक्त स्थल आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु प्रस्तावित है। अत: उक्त स्थल का आवासीय भूमि से संस्थानिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह शख्स अपनी लिखित आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर पालिका कार्यालय में निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। मियाद गुजरने पर कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका सूरतगढ़